तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 13 मई 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



10 जमीन विवाद : टंगिया मारकर की छोटे की हत्या, बड़ा...





11 मेले में दिखी आदिवासी लोक संस्कृति की झलक




## खबर संक्षेप



### बालवाड़ी शिक्षक और आंबा कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण

**चारामा।** बालवाड़ी अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा के उद्देश्य से विकासखण्ड चारामा के 44 बालवाड़ी शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी के सभाकक्ष में हुआ। प्रशिक्षण में बच्चों का समग्र विकास के अंतर्गत शारीरिक, मानसिक, संज्ञानात्मक, सह-संज्ञानात्मक विकास आदि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स तिजेश्वरी यादव, नीतू यादव के द्वारा बड़े रोचक ढंग से प्रशिक्षण दिया गया। भाषायी एवं गणितीय दक्षताओं मे बच्चों को कैसे निपुण बनाया जाए। इस पर रोचक गतिविधियों एवं खेल-खेल के माध्यम से कैसे सिखाया जाए की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के समापन में बीईओ केआर साहू, बीआरसी आरके सुखदेवे व प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

### हज पर जाने वालों का टीकाकरण 16 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी व प्राइवेट टूर से हज 2024 में हज यात्रा के लिए कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, नारायणपुर व धमतरी जिला से जाने वाले हाजियों का टीकाकरण और मेडिकल किट का वितरण शिविर 16 मई को शिविर मातृ व रोग विभाग शासकीय जिला चिकित्सालय अलबेलापारा सुबह 10 से 5 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान डॉक्टर व उनकी पूरी टीम उपलब्ध रहेगी। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के जिला प्रभारी हाजी वली मोहम्मद ने सभी हाजियों को समय पर उपस्थित होने कहा है।

### योद्धाओं के स्मारकों की सैनिक सेवा परिषद ने की साफ-सफाई



**कांकेर।** जनसहयोग समाजसेवी संस्था एवं पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा नए बस स्टैंड के पास स्थित महाराणा प्रताप तथा वीरांगना महारानी के मूर्ति स्थल के आसपास एवं स्मारक परिसर पर भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। जनसहयोग समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने बताया कि यह प्रतिमाएं कलेक्टेरोट कार्यालय जाने वाले मार्ग के प्रारंभ में ही नए बस स्टैंड के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हैं। इस मार्ग से गजरने वाले यात्री इन मूर्तियों की सुंदरता की प्रशंसा करते हैं। इस कारण इनकी धुलाई सफाई होते रहना आवश्यक है, इसी को ध्यान में रखते हुए सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बल्लू राम यादव, पूर्व सैनिक टीके जैन, संयोग साहू, संत कुमार रजक, करण नेताम, प्रवीण गुप्ता, जितेंद्र प्रताप देव, गजेंद्र सिंह ठाकुर, भूपेंद्र यादव, डोमेश वलेचा व अन्य साथियों ने भाग लिया।

### आयोग का फैसला, बीमा कंपनी देगा 3.66 लाख

**कांकेर।** कार दुर्घटना के बाद बीमा होने के बावजूद कंपनी द्वारा क्लेम राशि नहीं दी जा रही थी। उपभोक्ता आयोग ने तत्काल प्रभाव से क्लेम की राशि ब्याज सहित देने फैसला सुनाते बीमा कंपनी को सेवा में कमी को लेकर फटकार भी लगाई। मांझापारा कांकेर निवासी अभिज्ञ शर्मा पिता अजय शर्मा ने अपनी कार का रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस कंपनी से 15 दिसंबर 2020 से 14 दिसंबर 2021 की अवधि तक के लिए प्रीमियम राशि 37 हजार 263 रुपए अदा कर बीमा कराया था। उक्त कार 5 मार्च 2021 को दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# पर्यावरण बचाने वन विभाग शहर में करेगा पौधारोपण, जमीन की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

प्रदूषण और बढ़ते तापमान से लोग बेहाल हैं। हवा में घुला जहर और रिकॉर्ड पारा लोगों का जीना मुहाल बना रहा है। ऐसे में इंसान के लिए पेड़-पौधे उतने ही जरूरी हैं, जितने हवा और पानी है। रिहायशी इलाकों की तुलना में सड़कों पर प्रदूषण अधिक होता है। इसके चलते वन विभाग संभागीय मुख्यालय शहर के सड़क किनारे और जहां जगह मिले वहां पौधरोपण करेगा, इसके लिए नगर निगम से जमीन मांग रहा है। साथ ही जिस प्रतिष्ठानों एवं घरों के सामने पौधरोपण करेंगे, उसकी रखवाली, पानी देना दुकादार एवं घर मालिकों की जिम्मेदारी होगी।सड़कों के किनारे घने और चौड़ी पत्तियों वाले पौधे लगेंगे, पत्तियां जितनी चौड़ी होगी, उतना ही ज्यादा प्रदूषण सोखने में सक्षम होंगी। हालांकि छोटे रेशे वाली पत्तियों के पौधे भी प्रदूषण नियंत्रित करने में मददगार साबित होते हैं।

पर्यावरण के लिए वरदान पौधे पीपल, बरगद, नीम, अशोक, अर्जुन, जामुन तापमान को कम करने में मददगार है। जिन लोगों के पास पौधे लगाने की जमीन नहीं है, वे लोग इनडोर एलोवेरा, मनी प्लांट, तुलसी, स्नेक प्लांट लगा सकते हैं। ये पौधे एयर क्वालिटी को बेहतर करने में मददगार होते हैं।

## पौधारोपण के लिए वन विभाग ने निगम से मांगी जमीन

### पूजा जाता है पीपल

हिंदू धर्म में पीपल के पेड़ की पूजा की जाती है। पीपल के पेड़ को जीवन रक्षक माना जाता है। पीपल ही एक ऐसा वृक्ष है, जो रात को भी ऑक्सीजन देता है। यानी कि 24 घंटे ऑक्सीजन छोड़ता है। वनस्पति विज्ञान और आयुर्वेद के अनुसार पीपल के पेड़ इंसान के लिए कई तरह से फायदेमंद है। सांस की तकलीफ, त्वचा रोग, नकसीर और तनाव कम करने के साथ ही मिट्टी के कटाव को भी रोकता है।



### जमीन मिलने पर होगा पौधारोपण



वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि शहर का पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण किया जाएगा, इसके लिए निगम से जमीन मांगी गई है। जमीन मिलने पर फूलदार, शो-पीस, फलदार आदि का पौधरोपण किया जाएगा।

# बिजली उपकेंद्र के परिचालकों को 2 माह से नहीं मिला वेतन

**ठेकेदार की मनमानी से आपरेटर है परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- उपकेन्द्र में पदस्थ परिचालक परिवार आर्थिक रूप से परेशान
- विद्युत कंपनी की ओर से वेतन दिलाने में ध्यान नहीं



बस्तर जिले के शहरी एवं ग्रामीण 33/11 केव्ही बाह्यस्रोत उपकेन्द्र परिचालकों (सबस्टेशन ऑपरेटरों) को ठेकेदार की मनमानी के चलते दो माह से वेतन नहीं दिया गया। इसके चलते जहां परिचालक ड्यूटी आने तक का खर्चा भी वहन नहीं कर पा रहे और वहीं दूसरी ओर उनके परिवार आर्थिक रूप से परेशान है। परिचालकों ने विद्युत कंपनी के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देकर लंबित वेतन दिलाने की मांग की। इसके बाद भी वेतन नहीं मिलने से परिचालक 12 दिनों से हड़ताल पर है, जिससे कंपनी का मेंटनेंस कार्य प्रभावित हो रहा है।

परिचालकों ने अधीक्षण अभियंता को दिए गए ज्ञापन में बताया कि बस्तर जिले के शहरी एवं ग्रामीण 33/11 केव्ही बाह्यस्त्रोत उपकेन्द्र परिचालकों (सबस्टेशन ऑपरेटरों) को फरवरी और मार्च माह से वेतन निविदा कम्पनी जेबीएस इन्टरप्राईजेस मुम्बई ठाणे द्वारा नहीं दिया गया है। वेतन संबंधी मामले में ठेकेदार के सुपरवाईजर कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। वहीं वेतन नहीं होने से परिचालकों को कार्यस्थल (उपकेन्द्र) में ड्यूटी आने तक का खर्चा भी वहन नहीं कर पा रहे हैं, और परिजन का दैनिक जीवन यापन भी नहीं हो पा रहा है। इससे परिचालक आर्थिक, मानसिक समस्या और चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

### फ्यूज कॉल सुधारने में हो रही परेशानी

*बताया जा रहा है कि वर्तमान में रोज शाम को बारिश एवं आकाशीय बिजली से शाम को बिजली प्रभावित हो रही है, जिससे फ्यूज कॉल अधिक मिल रही है। परिचालकों के हड़ताल के चलते विद्युत कंपनी को फ्यूज कॉल को सुधारने में परेशानी हो रही है और जिससे उपभोक्ता को असुविधा हो रही है।*

### ठेकेदार पर होगी कार्रवाई

*विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि ठेकेदार को निर्देश दिया गया है कि परिचालकों को समय पर वेतन दिया जाए, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हालांकि परिचालकों को समय पर वेतन देने की जिम्मेदार क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता की है, इसलिए लंबित वेतन दिलाएं।*

# धमतरी मुठभेड़ में गणेश उईके का गनमेन इनामी नक्सली मारा गया





हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- धमतरी व गरियाबंद की सीमा में मारा गया नक्सली बीजापुर के करका का

धमतरी व गरियाबंद की सीमा स्थित सेमरा के जंगल में 11 मई को मारा गया 5 लाख का इनामी नक्सली मंगल मड़काम उर्फ अशोक बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के करका का रहने वाला था। एरिया कमेटी मेंबर मंगल इससे पूर्व वह सेंट्रल कमेटी मेंबर 40 लाख के इनामी गणेश उईके का गनमेन रह चुका है।

गौरतलब है कि धमतरी गरियाबंद के सीमांत ग्राम सेमरा के जंगल पहाड़ी में नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली का शव के अलावा 312 बोर देशी कट्टा व नक्सली साहित्य एवं नक्सली सामग्री बरामद किया गया था। धमतरी जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत दिनांक 11 मई को धमतरी व गरियाबंद के सीमांत सेमरा जंगल के पहाड़ी में प्रतिबंधित माओवादी संगठन गोबरा एलओएस की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी की 25-30 की संख्या में टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी।

सर्च अभियान के दौरान दोपहर दो बजे सेमरा के जंगल पहाड़ियों में पुलिस एवं माओवादियों के बीच में मुठभेड़ हुई जिसमें प्रतिबंधित सशस्त्र माओवादियों द्वारा स्वचालित हथियारों से पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया जा रहा था जिसके जवाब में पुलिस पार्टी डीआरजी टीम द्वारा भी पेड़ों एवं चट्टानों की आड़ लेकर आत्मसुरक्षार्थ नक्सलियों पर फायरिंग की ▸▸| शेष पेज 10 पर

# दो ग्रामीणों के घर की बाड़ी से सागौन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा के निर्देशानुसार वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन, उप वन मंडलाधिकारी देवलाल दुग्गा के नेतृत्व में शनिवार को दो ग्रामीणों के घर की बाड़ी से 7400 रूपए कीमत का सागौन चिरान एवं खिड़की जब्त किया गया। बताया जा रहा है कि कदम निवासी डोंगरीगुड़ा बागमोहलई के घर बाड़ी से प्रजाति सागौन चिरान 13 नग, 0.064 घ.मी., लक्ष्मण निवासी राजा डोंगरीपारा बागमोहलई के घर बाड़ी से सागौन खिड़की पल्ला 16 नग, 0.019 तथा 37 नग, 0.160 घ.मी. जब्त किया गया।

पीओआर की कार्रवाई कर जब्त काष्ठ को परिसर रक्षक बागमोहलई के सुपुर्द किया गया। जब्ती की कार्रवाई वृत्त स्तरीय उड़नदस्ता दल तथा उप वनमंडल जगदलपुर के कर्मचारी शामिल रहे। इस तरह धरपकड़ अभियान आगे भी जारी रहेगी।

# 10 मंडियों में आवक बढ़ी पर कोंटा में 30.45 फीसदी घटी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर संभाग के 11 मंडियों में से कोंटा मंडी में अप्रैल माह में 30.45 फीसदी कम और 10 मंडियों में मार्च माह के बदले अप्रैल में उपज की आवक बढ़ी। इस तरह से मंडी जगदलपुर में 13.60 फीसदी, कोंडागांव में 139.31, केशकाल में 23.08, कांकेर में 14.13 फीसदी, चारामा में 97.62 फीसदी, संबलपुर में 73.86 फीसदी, पखांजूर में 167.27 फीसदी, गीदम में 68.45 फीसदी, नारायणपुर में 8.36 फीसदी एवं बीजापुर में 4.64 फीसदी उपज की आवक हुई। मंडी के जेडी ने संभाग के 11 मंडियों के सचिवों को उपज कमी होने से फटकार लगाई। बताया कि जेडी ने हाल ही में बताया कि संभाग के सातों जिलों के मंडी के सचिवों को कहा कि विपणन अधिकारी से लंबित मंडी शुल्क शीघ्र ही भुगतान कराने का प्रयास करें।

### मंडी की आय बढ़ाएं

*कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक श्रीनिवास मंगम ने सचिवों को बैठक में निर्देश दिया कि मंडी में उपज की आवक बढ़ाएं, जिससे आय भी बढ़ेंगी।*

# सुअर के हमले से तेंदूपत्ता तोड़ती एक महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर



जिले के आवापल्ली वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंडारपाल में रविवार सुबह एक जंगली सूअर के हमले से, एक महिला घायल हो गयी है। महिला तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गयी हुई थी। इस दौरान जंगली सुअर ने महिला पर अचानक हमला कर उसे घायल कर दिया।

आज सुबह लगभग 6 बजे ग्राम बंडारपाल निवासी चापा लक्ष्मी पति चापा मल्लैया उम्र 49 वर्ष परिवार के साथ पास के जंगल में तेदूपत्ता तोड़ने गयी हुई थी। तभी जंगल में अचानक जंगली सूअर के हमले से महिला घायल हो गयी। परिवार के लोगों ने किसी तरह जंगली सुअर से महिला का बचाव किया। उसके बाद वन विभाग को इस घटना की जानकारी दी। परिजनों ने उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आवापल्ली में भर्ती करवाया, जहां महिला का इलाज जारी है। आवापल्ली वन परिक्षेत्र अधिकारी घनश्याम भगत ने हरिभूमि को बताया कि वन्य प्राणियों के द्वारा क्षति पहुंचाने पर प्रकरण तैयार किया गया है। घायल महिला को उपचार के बाद परिवार को सहायता राशि दे दी जायेगी।

## आदिवासियों की अनूठी परंपराएं लोक संस्कृति है पहचान : बघेल

# देवी-देवताओं की पूजा के साथ शुरू हुआ छोटे देवड़ा का बाली मेला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोंड

देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के साथ छोटे देवड़ा का बाली मेला शुरू हो गया है। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल इस मेले में शामिल हुए। स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक लखेश्वर बघेल ने बाली मेला में देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करते हुए क्षेत्रवासियों हेतु मंगलकामना की। तीन माह चलने वाले इस बाली जात्रा की शुरूआत स्थानीय देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर की गई।

प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी मेला का आयोजन भव्य रुप से किया गया था। बस्तर विधायक बघेल ने भीमा देव की पूजा-अर्चना की। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि हमारे यहां आदिवासी परंपराओं के पीछे जो



भाव, दर्शन और कथाएं हैं। उसे जाने-समझे बिना छत्तीसगढ़ की संस्कृति को नहीं पहचान सकते है। बस्तर में एक अनूठी परंपराओं और तीज-त्यौहारों को सहेजने का काम किया जा रहा था। गांव-गांव में स्थित देवगुड़ियों के संरक्षण का काम भी इसी उद्देश्य से शुरू किया गया था। लेकिन अभी वर्तमान में भाजपा की सरकार जब से बनी हैं, छत्तीसगढ़ की संस्कृति को पीछे की ओर ले जा रहे हैं। विधायक श्री बघेल ने कहा कि आदिवासी परंपराओं को आगे बढ़ाने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी, हाट पहरिया, बाजा मोहरिया को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में शामिल करते हुए उनके लिए 7 हजार रुपए की वार्षिक सहायता की व्यवस्था हमारे सरकार द्वारा किया जा रहा था। वर्तमान सरकार हमारे देवी-देवताओं और आने वाली पीढ़ियों को अंधेरे की ओर ढकेलने का कार्य कर रही हैं।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### दसवीं बोर्ड परीक्षा में कंचन साहू रही अव्वल

**नगरी।** शिक्षा सत्र 23-24 में कक्षा दसवीं का वार्षिक परिणाम घोषित हुआ जिसमें जीनियस पब्लिक स्कूल नगरी के कंचन साहू 88.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। कंचन साहू व्याख्याता यशपाल सिंह साहू एवं श्रीमती लक्ष्मी साहू शिक्षिका की पुत्री है। बचपन से मेधावी रही कंचन ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम एवं लगन तथा माता-पिता एवं गुरुजनों का सहयोग को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था संचालक मोहन सोनी तथा विद्या विहार कॉलोनी रावण भाटा के ए एल बनपेला, वी पी चंद्रा, राजेश तिवारी, विमल मिश्रा, खम्मन अडील ,संतोष अगलावे ,नीरज सोन, ऋषिकेश साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शिव महापुराण कथा व रूद्राभिषेक 16 से

**धमतरी।** पंचमुखी हनुमान नगर रत्नाबांधा में सीमांत साहू परिवार द्वारा 16 से 24 मई तक श्री शिव महापुराण कथा एवं रूद्रामहाभिषेक का आयोजन किया गया है। 17 से 24 मई तक नारायण महाराज राधे निकुंज आश्रम जंजगिरी भिलाई भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे आरंभ होगी। इससे पहले सुबह 7 से 11 बजे तक प्रतिदिन रूद्राभिषेक होगा। 16 मई को दोपहर 3 बजे से कथास्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। भंडारा प्रतिदिन 1 बजे होगा। आयोजक भूषण साहू, माधुरी साहू, सुखचरण, रामेश्वरी, माखनलाल, जानकी, देवकुमार, बसंती, सीमांत, दिनेश्वरी, शंकरलाल, तीजिया बाई, दिव्यांशी, तन्मय, प्रीति, तेजस्वी, रीना, प्रीतम ने भक्तों से कथा का रसपान करने का आग्रह किया है।

### टॉपर छात्रों के अच्छे प्रदर्शन पर छग शिक्षक कांग्रेस ने हर्ष जताया

**कोर्रा(भखारा)।** इस बार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी बोर्ड परीक्षा में धमतरी जिले के छात्रों ने टॉप टेन में जगह बना पूरे जिला का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल परीक्षा 10वीं में आयुष सोनकर 97.67% व हायर सेकेंडरी परीक्षा 12वीं में समीर कुमार 96.60% अंकों के साथ सफलता अर्जित की है। फोन कर बच्चों को सफलता के लिए छग व्याख्याता एलबी व छग शिक्षक कांग्रेस रायपुर संभाग उपाध्यक्ष लालबहादुर साहू ने बच्चों को बधाई दी है। बच्चों की इस सफलता पर उन्होंने हर्ष व्यक्त किया है।

### कुण्डेल में फिर एक बार बेटियों ने मारी बाजी

**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डेल मधुबन का 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 95% के साथ बेटियों ने फिर एक बार बाजी मार कर अपने साथ विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा सहायक व्याख्याता होमेन्द साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा में हमारे संस्था के कक्षा दसवीं से सेवती/हुकुम लाल 84% के साथ प्रथम स्थान, योगिता 78% के साथ द्वितीय स्थान तथा चांदनी/सोमप्रकाश 76% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं में कुमारी गोमती/रुपचंद टंडन 82% के साथ प्रथम स्थान, गीतांजलि/पितांबर साहू 78% के साथ द्वितीय स्थान तथा चुनेश्वर/रामूराम साहू 77% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर प्राचार्य संतोष साहू परीक्षा प्रभारी खिलेश्वरी बनपेला व्याख्याता ममता साहू दिनेश साहू ललिता ओके ओमेंद्र साहू योगेश निषाद, रामेश्वरी साहू, जयप्रकाश टांडे, शिवरतनदास मानिकपुरी, रविकुमार वर्मा, पूर्णिमा नेम, तेजेश्वरी साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

पेज 9 का शेष

### धमतरी मुठभेड़ में ...

गई। लगभग 1 घंटे तक चली फायरिंग के बाद घटनास्थल की सर्चिंग में पुरूष नक्सली का शव बरामद हुआ तथा उसके पास से 312 बोर देशी कट्टा के अलावा अन्य सामान बरामद किया गया था। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की पहचान मंगल मड़काम उर्फ अशोक के रूप में हुई जो बीजापुर जिले के गंगालूर थाना अंतर्गत ग्राम करका का निवासी है। इस पर शासन ने 5 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।

# पूर्व सैनिक व प्रशिक्षण ले रहे युवाओं ने श्रमदान कर बांधा तालाब से निकाली 18 ट्रैक्टर जलकुंभी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में कोंडागांव ब्लॉक, बड़ेराजपुर ब्लॉक में संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों और पूर्व सैनिकों ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आज स्वच्छता अभियान चलाया। कोंडागांव ब्लॉक में बांधा तालाब पार्क के अंदर और बाहर झाड़ू लगाई।

इसके अलावा श्रमदान कर अन्य कार्य किए। तालाब में से 18 ट्रैक्टर जलकुंभी को निकाला गया। बड़ेराजपुर ब्लॉक में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुरी के मैदान में झाड़ू लगाकर साफ़ सफाई की गई। इस अवसर पर कोंडागांव ब्लॉक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र पात्रे, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक और बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, फरसगाँव ब्लॉक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद फरसगाँव के ब्लॉक उपाध्यक्ष बलदेव नेताम और ब्लॉक सचिव रिकेश कुँवर, बड़ेराजपुर ब्लॉक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बड़ेराजपुर के ब्लॉक अध्यक्ष चंदुलाल जैन, ब्लॉक उपाध्यक्ष रूपउ राम, ब्लॉक सचिव संतोष मरकाम, सदस्य राम कुमार मरकाम और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 450 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

**स्कूल मैदान में झाड़ू लगाकर की गई साफ़ सफाई**



## अपराध: हमले के बाद टंगिया रामलाल मरकाम के सीने में फंस गया


# जमीन विवाद : टंगिया मारकर की छोटे की हत्या, बड़ा भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

- जमीन संबंधी विवाद बना हत्या की वजह
- विश्रामपुरी पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

थानातंर्गत खजरावंड स्कूलपारा में जमीन विवाद पर बड़े ने छोटे भाई की कुल्हाड़ी से वार करके निर्मम हत्या कर दी है। आरोपी हत्या करने के बाद फरार होने की तैयारी में था, उसी दौरान विश्रामपुरी पुलिस ने उसे धर दबोचा। विश्रामपुरी पुलिस ने कलयुगी भाई शिवप्रसाद मरकाम को 12 मई को किया गिरफ्तार।

पुलिस के अनुसार 12 मई को प्रार्थिया मनेश बती मरकाम पति रामलाल मरकाम उम्र 32 वर्ष निवासी खजरावंड स्कूलपारा थाना विश्रामपुरी कोण्डागांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आज सुबह 9 बजे वह खेत में काम कर रही थी। उसी दौरान पड़ोसी ने बताया की उसके पति रामलाल मरकाम और जेठ शिव प्रसाद के बीच जमीन संबंधित बात को लेकर लड़ाई झगड़ा हो रहा हैं। उसने जाकर देखा तो पति रामलाल मरकाम उसके जेठ शिव प्रसाद के घर सामने चित पड़ा हुआ था। सीने में बीचोंबीच टंगिया फंसी थी और जमीन में खून बह रहा था। उसके पति रामलाल मरकाम की उसके बड़े भाई शिवप्रसाद मरकाम द्वारा हत्या करने की नियत से धारदार टंगिया से सीने में वारकर हत्या कर दी गई है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर उसके पति रामलाल मरकाम की हत्या के आरोप में जेठ शिव प्रसाद मरकाम के विरुद्ध अपराध क्रमांक 29/2024धारा 302 भादवि का दर्ज कर मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव रूपेश कुमार डांडे के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण मे जंगल की ओर भागे फरार आरोपी शिवप्रसाद की पतासाजी कर पकड़ लिया।





#### आरोपी ने स्वीकार किया जुर्म

पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जमीन संबंधी बात को लेकर वाद विवाद होने पर गुस्से में आकर अपने छोटे भाई की टंगिया से वारकर हत्या करना स्वीकार किया गया है। जिससे आरोपी को आज ही विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया।

#### टीम में ये रहे शामिल

संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी विश्रामपुरी संजय वट्टी सउनि सुमंत भगत प्रधान आरक्षक जयलाल नेताम, नरेश नेताम आरक्षक सत्तू मरकाम, गौतम मरकाम, रायसिंह मरकाम जागेश मंडावी,जम्मू मरकाम, की सराहनीय भूमिका रहा।

# अंग्रेजी शराब की अवैध बिक्री एक ग्रामीण गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



- नकद रकम भी बरामद की गई

पुलिस ने अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री करते एक आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस को 11 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ग्राम नवागढ़ दाड़ीपारा में एक ग्रामीण राजेश मरकाम पिता स्व. कोलूराम मरकाम उम्र 25 वर्ष अवैध शराब बेच रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर राजेश के पकड़कर झोले में रखी अवैध शराब बरामद कर लिया। प्लास्टिक थैले की तलाशी लेने पर अंग्रेजी शराब 9 नग मूडऑफ प्रीमियम विस्की का पौवा, कुल शराब 1 लीटर 620 एमएल कीमत 1980 रुपए और 6 केन वीयर थूनडेरबोल्ट क्लासिक सुपर स्ट्रांग प्रत्येक में 500 एमएल सीलबंद कुल 3 लीटर जुमला शराब 4 लीटर 620 एमएल कुल कीमती 3180 एवं आरोपी राजेश मरकाम के पास से शराब बिक्री का नकद 400 रुपए मिला। पंचनामा तैयार कर बरामद कर अंग्रेजी शराब रख कर बिक्री के लिए अपने पास रखने के संबंध में धारा 91 जा.फौ. का नोटिस देकर उक्त संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने कहा गया। पुलिस ने राजेश मरकाम का कृत्य अपराध धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट का पाए जाने से मौके पर विधिवत 11 मई को गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर रिहा किया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक नरेश साहू थाना प्रभारी, प्र.आर. सियाराम मरापी कृष्ण कुमार सोनवानी, आरक्षक अजरंग बघेल, आरक्षक संतोष एक्का की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# नगर खुलेगा नेचरोपैथी और हर्बल कृषि सेंटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

छत्तीसगढ़ राज्य में ईको पर्यटन के विकास एवं संरक्षण में विगत पांच वर्षों से कार्यरत संस्था वसुंधरा प्रकृति संरक्षण समिति (विस्कान ) द्वारा प्रदेश में ईको पर्यटन सहित प्राकृतिक चिकित्सा एवम हर्बल खेती को बढ़ावा देने हेतु 'मां दंतेश्वरी हर्बल समूह' के साथ करार किया गया। इस अवसर पर मां दंतेश्वरी हर्बल के संस्थापक डॉ राजाराम त्रिपाठी , डायरेक्टर अनुराग त्रिपाठी जसमती नेताम, बली चक्रवर्ती, कृष्णा नेताम, व्यवस्थापक रमेशचंद्र पंडा शंकर नाग मैंगो नेताम,वसुंधरा प्रकृति संरक्षण समिति (विस्कान ) के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र पांडेय , विस्कॉन एग्रो कॉर्प के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक चौधरी विशेष रूप से उपस्थित थे। कोंडागांव स्थित मां दंतेश्वरी हर्बल ईस्टेट में विकसित हो रहे ईको रिजॉर्ट में ईको पर्यटन के चार स्वरूपों का विकास किया जाना सुनिश्चित हुआ है इनमें कृषि पर्यटन, नेचुरोपैथी, ट्राइबल टूरिज्म एवं ग्रामीण पर्यटन शामिल है।

# उमरगांव में अक्ति पर्व धूमधाम से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

गांव में अक्ति तिहार को बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने भी बड़े ही धूमधाम से मनाया। गांव के हर गली मुहल्ले में गुड्डे-गुड़ियों की शादी रचाई गई। सुबह से लोगों में उत्साह रहा बाजे गाजे के साथ नाचते रहे। इसी दिन किसान अपने खेतों में बीज बोते हैं और पुजा अर्चना कर अच्छी फसल की कामना करते हैं। गांव के बैगा द्वारा ठाकुर देव में पुजा अर्चना किया जाता है।

# अंवरी स्कूल का बोर्ड परीक्षा रिजल्ट उत्कृष्ट रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोर्रा(भखारा)

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी कक्षा दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी कक्षा दसवीं के छात्र कुछ अंकों से टॉप टेन से चुक गए। संस्था का कुल बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

हाईस्कूल 10 वीं परीक्षा परिणाम 83%रहा, जिसमें डिगेश कुमार 95.67% अंकों के साथ जिले में 8 वे व संस्था में प्रथम स्थान व उत्तम कुमार 94.50% के साथ संस्था में द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्था का नाम गौरान्वित किया। हायर सेकेंडरी स्कूल 12वीं परीक्षा में परीक्षा परिणाम 93% रहा, विज्ञान संकाय से यश कुमार 87.60%.अंकों के साथ प्रथम स्थान, राहुल 85.80% अंकों के साथ द्वितीय व कामर्स संकाय से कु. प्रिया धीवर 81.20 % प्रथम भानु शंकर 80.20 % अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त कर शाला का नाम रौशन किया है।



उत्कृष्ट रिजल्ट देने वाले छात्रों ने परीक्षा प्रभारी केशवलाल यादव व व्याख्याता केएल यादव, श्रीमती नंदिनी सिन्हा, पी सिन्हा, एलबी साहू, हीरामन कुर्रे, कविता जांगड़े , गीता जांगड़े, के एल घोघरे, शिक्षक डीके साहू से मिलकर पैर छूकर आशीर्वाद लिए। मिठाई भी खिलाए। संस्था के प्राचार्य आईआर साहू व व्याख्याता पीएन साहू ने सभी उत्कृष्ट रिजल्ट देने वाले छात्रों को और कड़ी मेहनत करने की समझाईश दी।

# 10वीं, 12वीं के छात्रों को तनाव से मुक्त रखने हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोर्रा(भखारा)

राज्य शासन ने पहली बार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के 10वीं 12वीं परीक्षा रिजल्ट को लेकर छात्रों को तनाव से दूर रखने दूर कार्यशाला का आयोजन किया गया सभी संस्थाओं की तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी में पालक बालक व शिक्षाविद शामिल हुए। कार्यशाला मुख्य अतिथि सुरेश कुमार कोसले नोडल अधिकारी सहायक अभियंता कुरूद के आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। उन्होंने अतिथि संबोधन में कहा कि सभी छात्र की रुचि एक ही विषय व क्षेत्र पर नहीं हो सकता है। सभी छात्र मेरिट वाले नहीं हो सकते याने छात्रों में अलग-अलग प्रतिभा होती है। अगर छात्र पढ़ाई में नहीं तो खेलकूद, संगीत व अन्य क्षेत्र में आगे जाकर भविष्य बना सकते हैं। आपके बच्चे का कम नंबर आ गया, तो उन्हें डांटे नहीं उन्हें आगे बढ़ने का हौसला दिलाये ।

प्राचार्य आईआर साहू व व्याख्याता पी एन साहू ने बताया कि पढ़ाई में छात्र पीछे होते हैं उसका कारण घर का माहौल भी जिम्मेदार होता है, छात्र-छात्रा नहीं। इसलिए रुचि के साथ छात्रों में कैरियर बनाने हेतु क्षेत्र विषय का चयन करने का अवसर देवे। गांव अंवरी के मुखिया पुनेश्वर साहू सरपंच ने गांव के लोगों को नशे से दूर रहने की बात कही। बड़े लोग नही करें तो बच्चे सीखेंगे ही नही।

# सेजेस कंडेल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। प्राचार्य राहुल नेताम ने बताया कि कक्षा दसवीं में कुल 67 छात्र में से 57 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं इसमें हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम प्रतिशत 86% रहा है। हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में दीपांशु यादव ने 96.30% प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं में कुल 124 छात्र में से 110 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं इस तरह हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम प्रतिशत 88% रहा है हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा परिणाम में अकील खान ने कक्षा बारहवीं कॉमर्स मे 93% प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा सुमित कुमार ने 92% अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर एसके साहू, एसके यादव, जेके सार्वा, केके साहू, सीएल धीवर, वीआर टोंडे, श्रीमती आर बघेल, श्रीमती एनआर गुप्ता, श्रीमती आर साहू,सुश्री हेमलता सोनी, अविनाश साहू, वी के कुर्रे, श्रीमति नंदनी गोरले, आकांक्षा सोनी, प्रणव यादव, कौशल सिन्हा आदि शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नाममात्र रिक्त सीटों पर दस गुना ज्यादा आवेदन

# सेजेस बठेना में एडमिशन के लिए मची होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश स्कूल बठेना एडमिशन के लिए होड़ मची हुई है। यहां पर गिनती के सीट खाली हैं लेकिन आवेदनों की संख्या काफी अधिक है। 15 मई को 10वीं कक्षा तक लाटरी निकालकर छात्रों को एडमिशन दिया जाएगा। 11वीं और 12वीं कक्षा में एडमिशन मेरिट के आधार पर दिया जाएगा।

सेजेस बठेना में सुविधाएं किसी बड़े प्राइवेट स्कूल से कम नहीं है। इसी कारण यहां पर एडमिशन के लिए होड़ मची मची हुई है। अधिकांश कक्षाओं में रिक्त सीट की अपेक्षा 10 गुना ज्यादा आवेदन मिले हैं। स्थिति को देखते यहां लाटरी सिस्टम से छात्रों का चयन किया जाएगा। 15 मई को लॉटरी के लिए तिथि निर्धारित की गई है। इसी प्रकार 11वीं और 12वीं कक्षा में रिक्त सीटों से कई गुना ज्यादा आवेदन मिले हैं। इन कक्षाओं में एडमिशन मेरिट के आधार पर दिया जाएगा।




#### यह है स्थिति

यूकेजी में मात्र 2 सीट रिक्त है। इस कक्षा में एडमिशन के लिए 181 आवेदन मिले हैं। कक्षा पहली में 12 रिक्त सीटों के लिए 96 आवेदन, कक्षा दूसरी में रिक्त 3 सीटों के लिए 49 आवेदन, कक्षा तीसरी में रिक्त 10 सीटों के लिए 47 आवेदन, कक्षा चौथी में रिक्त 1 सीट के लिए 36 आवेदन, कक्षा पांचवीं में रिक्त 1 सीट के लिए 50 आवेदन, कक्षा छटवीं और सातवीं में एक भी सीट रिक्त नहीं है। कक्षा आठवीं में रिक्त1 सीट के लिए 34 आवेदन, कक्षा नवमी में रिक्त 50 सीट के लिए 99 आवेदन और कक्षा 10वीं में रिक्त 3 सीटों के लिए 14 आवेदन मिले हैं।

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं को सराहा


हर्ष साहू


वैदेही सिंह चौहान


मिलेन्द्र नाग

**नकुलनार।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के द्वारा सत्र 2023-24 बोर्ड परीक्षाओं 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए है। दंतेवाड़ा जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी छात्र-छात्राओं को उत्साहजनक सफलता हासिल करने पर सराहना की है। उल्लेखनीय है कि जिले के 10वीं के स्वामी आत्मानंद विद्यालय कुआकोंडा की ममता ताती का प्रतिशत 91.33 प्रतिशत रहा। इसके साथ ही 12वीं के स्वामी आत्मानंद विद्यालय कुआकोंडा की वैदेही सिंह चौहान ने 84.20, मिलेन्द्र नाग ने 82.40, चंद्रिका पवार ने 81.60, प्रांजल भदौरिया ने 82 तथा हर्ष साहू ने 82 प्रतिशत हासिल करके जिले के टॉप-10 की सूची में अपनी जगह बनायी।

### नगर की पेयजल व्यवस्था को रखें दुरुस्त- सीईओ



**जगदलपुर।** नगर निगम क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के संबंध में बैठक लेकर जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर प्रकाश सर्वे ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त रखें, जहां पर पेयजल से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त हो, उन स्थानों में तत्काल पानी टैंकर भेजने की व्यवस्था की तैयारी रखें। उक्त निर्देश शुक्रवार की शाम जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित बैठक में सीईओ सर्वे ने नगर निगम के अधिकारियों को दिए। बैठक में नगरीय क्षेत्र में गर्मी के दिनों में ड्राय होने वाले वार्डों, टैंकर की व्यवस्था, शहरी जल जीवन मिशन की प्रगति पर भी चर्चा किया गया। बैठक में पार्षद योगेंद्र पांडे, आलोक अवस्थी, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, संयुक्त कलेक्टर प्रवीण वर्मा, कार्यपालन अभियंता अजीत कुमार तिग्गा सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बाल विवाह मुक्त बस्तर अभियान, रैली निकाल दिलाई शपथ



**बस्तर।** जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त बस्तर अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सर्व विभाग के संयुक्त प्रयास से ग्राम पंचायत लामकेर में शुक्रवार को ग्रामीणों को शपथ दिलाते हुए ग्राम पंचायत में बाल विवाह रोकथाम रैली का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर लेखन के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया। बाल विवाह के दुष्परिणामों को बताया गया।

## दूर-दराज के गांवों से देवी-देवताओं को लेकर पहुंचे ग्रामीण

# मेले में दिखी आदिवासी लोक संस्कृति की झलक





हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

दक्षिण बस्तर अंचल की प्रसिद्ध गीदम मेला मड़ई का प्रारंभ शनिवार को हुआ। नगर के इस मेला मड़ई में दूरदराज इलाके के लगभग 40 से भी अधिक गांव के ग्रामीण अपने आराध्य देवी-देवताओं के साथ शामिल हुए। उनके साथ ही पुजारी, सिरहा, गुनिया,गायता भी इस प्रसिद्ध मेला मड़ई में पहुंचे।

- आदिवासी नृत्य, उड़िया नाटक व चलचित्र का किया जायेगा प्रदर्शन

गीदम ब्लॉक मुख्यालय की इस मेले के विषय कहा जाता है कि इस मेला मड़ई के संपन्न होने के बाद ही दक्षिण बस्तर अंचल में मेला मड़ई का समापन होता है।

बस्तर अंचल में मेला मड़ई का अपना ही महत्व है। प्राचीन काल से ही मेला मड़ई ग्रामीणों के लिए अपने रिश्तेदारों से मिलने, जरूरी सामान खरीदने का साधन हुआ करते हैं। मेला मड़ई को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जिनकी देखरेख में मेला का आयोजन किया जाता है। मेला मड़ई में पेयजल सुविधा स्थानीय प्रशासन की होती है, वहीं कानून व्यवस्था पुलिस प्रशासन संभालता है। अंचल में आयोजित होने वाले मेला मड़ई में रात में पारंपरिक नृत्य एवं नाट प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।

इस बार तीन दिवसीय गीदम मेला मड़ई में शनिवार को मां दंतेश्वरी की डोली नगर पहुंची। जहां मां की डोली का भव्य स्वागत किया गया। रविवार को भैरमबाबा मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात माई जी की डोली के साथ नगर की परिक्रमा की गई। इसे स्थानीय भाषा में परघाव कहा जाता है। लोगों की मान्यता है कि माता की डोली के नगर भ्रमण से नगर में सुख-समृद्धि व शांति आती है। नगर परघाव में माता की डोली के साथ आदिवासी ढोल नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।

माता के डोली के दर्शन के लिए नगर की जनता का हुजूम उमड़ पड़ा। सभी माता के दर्शन के लिये आतुर दिखाई दिए। मां दंतेश्वरी स्तम्भ में ध्वजारोहण किया गया। शाम के समय आदिवासी नृत्य, उड़िया नाट्य व चलचित्र का प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान नगर के सभी गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## बिना नर्स के मरीजों का इलाज संभव नहीं : डॉ. गौतम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम में रविवार को इंटरनेशनल नर्स डे मनाया गया। इस दौरान नर्सेज को सम्मानित कर इलाज में उनके अतुलनीय योगदान को सराहा गया। इस अवसर पर फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण किया गया।

कार्यक्रम में खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गौतम कुमार ने कहा कि बिना नर्स के मरीजों का इलाज संभव नहीं हैं। मेडिकल केयर के लिए नर्सिंग का रोल बेहद अहम हैं। आज भी देश दुनिया में एक्सपर्ट मेडिकल नर्सिंग स्टॉफ की भारी कमी हैं। ऐसे में इस क्षेत्र में कैरियर के लिहाज से भी कई मौके है, लेकिन मन में सेवा भावना का होना जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि हर साल 12 मई को यह दिन अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है।

यह दिन नर्सेस के सम्मान और नर्सिंग प्रोफेशन को बढ़ावा देने के लिहाज से बेहद खास है। यह दिन मॉडर्न नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल के सम्मान में उनकी जयंती पर सेलिब्रेट किया जाता है। इस दौरान योगेश कुमार देवांगन, डॉक्टर चेतन साहू, स्टाफ नर्स कौशल्या, खुशबू नाग, संगीता, पुष्पा, रामेश्वरी, डंकनी, बसंत मंडावी समेत अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## बेटियों ने छू लिया आसमान

**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा संचालित छू लो आसमान जेईई, नीट कोचिंग सेंटर कन्या आवासीय परिसर कारली के छात्राओं ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले में टॉप 10 में जगह प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया है। छू लो आसमान कारली की इस उपलब्धि पर कलेक्टर दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी ने सभी छात्राओं एवं सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि छू लो आसमान कारली से कक्षा 10वीं के जिले के टॉप 10 सूची में जगह प्राप्त करने वाली छात्राओं में प्रथम टीशा साहू 95.50 प्रतिशत, तृतीय भूमिका 94.17 प्रतिशत, चतुर्थ प्रार्थना सोरी 93.83 प्रतिशत, पंचम विनीता कड़ती 93.50 प्रतिशत, सप्तम भुनेश्वरी मरकाम 92.67 प्रतिशत एवं नवम सुरभि मंडावी 91.67 प्रतिशत रही। इसी प्रकार कक्षा 12वीं के जिले के टॉप 10 में अपना जगह बनाने वाली छात्राओं में चतुर्थ रितु नेगी 83.20 प्रतिशत, छठवां रविता तेलाम 82.80 प्रतिशत एवं दसम मनीषा यादव 81.40 प्रतिशत का नाम शामिल है।


टीशा साहू


भूमिका


प्रार्थना सोरी


विनीता कड़ती


भुनेश्वरी मरकाम


सुरभि मंडावी


रितु नेगी


रविता तेलम


मनीषा यादव

# छत्तीसगढ़ की तरह ओडिशा में भी मिलेगा योजनाओं का लाभ

**सुकमा जिले के भाजपाईयों की ओडिशा में धूम** | **बीहड़ तक कमल खिलाने कर रहे है प्रचार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा





ओड़िसा प्रदेश में बीजेडी सरकार पिछले 25 वर्ष से राज कर रही है, यहां के जनता का कोई विकास नही हुआ है। नवीन पटनायक केंद्र सरकार के योजनाओं को दबाकर अपने नाम से प्रसारित कर रहे है। उक्त बातें जिला भाजपाध्यक्ष बारसे धनीराम ने गत दिवस चुनाव प्रचार के दौरान कही। छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन ने सुकमा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, पूर्व जिला अध्यक्ष अरुण सिंह भदौरिया, हूंगाराम मरकाम, लीलाधर राठी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों को ओड़िसा चुनाव प्रचार में जिम्मेदारी दी है।

### अबकी बार ओडिशा में खिलेगा कमल

सभा में युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुकमा भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा अबकी बार ओड़िसा में भी कमल खिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवरंगपुर लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा 6 जून को भाजपा के मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा होगी, 10 मई को शपथ ग्रहण होगा। धनीराम बारसे ने कहा ओड़िसा में भाजपा सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ की तरह ओड़िसा में महिलाओं को लाडली बहन योजना के तहत साल का 50 हजार एवं वृद्धा पेंशन 3 हजार रुपये, किसानों को धान के मूल्य में वृद्धि होगी, तेंदूपत्ता का रेट बढ़ेगा, प्रदेश में केंद्र सरकार की योजना गांव-गांव तक पहुंचेगी।

सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास वाली मोदी की गारंटी प्रदेश में चलेगी। सभा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण सिंह भदौरिया व हूंगाराम मरकाम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह भदौरिया, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सोढ़ी, जिला मीडिया प्रभारी रमेश यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलामंत्री उपेंद्र नायक, सोशल मीडिया जिला संयोजक सृजन सिंह सहित मलकानगिरी एवं सुकमा के पदाधिकारी एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरकार बदलते ही नक्सली बैक फुट पर : सुन्नम पेंटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



छत्तीसगढ़ में सरकार बदलते ही नक्सली बैक फुट पर आ गए है। चार माह पूर्व ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, लेकिन नक्सलियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही से पुलिस को सफलता मिल रही हैं। जिसे लेकर भाजपा एसटी मोर्चा जिला मंत्री सुन्नम पेंटा ने प्रेस को जारी बयान में पुलिस के साहस एवं शौर्य को सलाम करते हुए कहा कि बस्तर आने वाले समय में शांति का प्रतीक बन कर उभरेगा। इस बात को कोई भी असामाजिक तत्व रोक नही सकता है। हाल ही में जिला कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, गरियाबंद, धमतरी में एंटी नक्सल विरोध अभियान में जो सफलता मिली है। आजादी के बाद विगत वर्ष 1980 के दशक से नक्सली उक्त क्षेत्र में कब्जा जमाए हुए हैं। जिसके बाद से नक्सलियों के खिलाफ मुहिम चलाई गई है, आज पर्यंत तक इतनी बड़ी सफलता नही मिली है। केंद्र व राज्य सरकार के आपसी समन्वय से बस्तर में कम समय में अभी तक चार महीना के अंतराल में सौ से अधिक नक्सली मार गिराए गए है और कई नक्सली बस्तर में आत्म समर्पण कर दिये है। पेंटा ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि आने वाले समय में विगत दो वर्षों के अंदर विकसित बस्तर बनेगा, इस बात से हम भली भांति परिचित हैं।

## दीपेश निषाद प्रथम, ममता महानंदी द्वितीय व सिद्धि शिवहरे रही तृतीय स्थान पर

**शिशु मंदिर में 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम







नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम के कक्षा दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में विद्यालय में 18 भैया-बहन अध्ययनरत थे, जिनमें में 14 प्रथम श्रेणी से एवं चार द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिसमें 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दीपेश निषाद प्रथम, 85.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ममता महानंदी द्वितीय एवं 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिद्धि शिवहरे तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय समिति के अध्यक्ष विजय प्रसाद तिवारी, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता, सह सचिव सुरेश जय सिंघानी, उपाध्यक्ष राधा सुराना व समिति के सभी सदस्यों ने भैया-बहनों व आचार्यों को शुभकामनाएं व बधाई दी हैं। सरस्वती शिशु मंदिर नगर का गौरव का केंद्र है। जो संस्कार, अनुशासन, पढ़ाई, खेलकूद सभी में अपनी अग्रणी भूमिका रखता हैं। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने बताया कि तीनों भैया-बहन के छोटे एवं बड़े भाई-बहन भी शिशु मंदिर में ही अध्ययन किए है। तीनों भैया-बहन कक्षा अरुण से ही मेधावी और प्रतिभावान है। दीपेश निषाद के पिताजी ठेला गुमटी लगाते हैं, ममता महानन्दी के पिताजी शिक्षक हैं, वहीं सिद्धि शिवहरे के पिताजी गल्ले के व्यवसायी हैं। उन्होंने कहा कि यह परिणाम सभी आचार्य-दीदियों के लगन व निष्ठा का परिणाम है। विद्यालय में 15 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय में पढ़ाई व खेलकूद लगातार नियमित रूप से चलते रहता है। समाज के सभी वर्ग के लोगों से विद्यालय को सहयोग मिलता है।

## हाई स्कूल कुड़कानार में बालिकाओं ने मारी बाजी



**भोंड।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इस परिणाम में विकास खण्ड बस्तर के शासकीय हाई स्कूल कुड़कानार के कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। शाला की प्राचार्य सईदा खान ने बताया कि यहां अध्ययनरत कुल 45 छात्र-छात्राओं में 21 प्रथम श्रेणी में व 14 छात्र द्वितीय श्रेणी में, 6 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। तथा 4 छात्र असफल हुए। स्कूल की छात्रा ज्योति कश्यप 87.33 प्रतिशत के साथ प्रथम एवं सोमारी बघेल 86.5 द्वितीय तथा शिफा बेसरा 81.3 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। शासकीय हाई स्कूल कुड़कानार के छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत के सरपंच सदन राम कश्यप, पंच अनिल ठाकुर तथा शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष किरण सेन व सदस्यों ने तथा स्कूल की प्राचार्य सईदा खान, शिक्षकगण सीकरी मौर्य, माधवी राठौर हेमलता नेताम, दीपा मांझी, कुसुम पांडे, अर्चना देवांगन ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## धूमधाम से मना भगवान परशुराम जन्मोत्सव




हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

प्रगतिशील ब्राह्मण समाज बीजापुर द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन गरिमामई ढंग से कर लोककल्याण की प्रार्थना की गई। संगठन के महासचिव राजेश मिश्रा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय संगठन द्वारा लिया गया। इस अवसर पर हनुमान मंदिर के पास समाज के लिए आरक्षित भूमि पर भगवान परशुराम का पूजन हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। तत्पश्चात शिव मंदिर के सामने प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें हलवा, फल और लड्डू का वितरण राहगीरों को किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा के साथ प्रभाकर राजा शर्मा, महेश शर्मा, योगेश शर्मा, अतुलेश तिवारी, नितेश पांडेय, आशीष पांडेय, दिनेश पांडेय, सीताराम शर्मा, धनराज शर्मा, रामेश्वर शर्मा, राधाकिशन शर्मा, वृहस्पति आचार्य, अरुण शर्मा, सुमन शर्मा, गणेश मिश्रा, अमितेश तिवारी, महेंद्र पाठक, महेंद्र द्विवेदी, सुशील मिश्रा, चंदन शर्मा, रिंकू द्विवेदी, गौकरण दुबे, आकाश दुबे, यशवर्धन शर्मा एवं आदित्य मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नये राशन कार्ड बनाने व नाम जोड़ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



छत्तीसगढ़ शासन ने नव स्थापित सुरक्षा कैम्पों के समीपस्थ ग्रामों में शासन की समस्त योजनाओं का क्रियान्वयन तथा हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए नियद नेल्लानार (मेरा अच्छा गांव) कार्यक्रम संचालित किया है। ज्ञातव्य है कि नियद नेल्लानार कार्यक्रम में खाद्य विभाग के अधीन प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना एवं खाद्यान्न योजना भी शामिल की गई है और इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को प्रतिवर्ष 4 सिलेंडर निशुल्क रिफिलिंग तथा समस्त राशन कार्ड धारियों को चावल, शक्कर, नमक, चना, एवं गुड़ निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। इस कड़ी में 9 मई को संचालक खाद्य जितेंद्र शुक्ला, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी तथा अपर संचालक राजीव जायसवाल द्वारा उक्त कार्यक्रम की विभागीय समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सर्वप्रथम समस्त छूटे हुए पात्र हितग्राहियों के नये राशन कार्ड बनाने एवं नाम जोड़ने तथा प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत आवेदन पूर्ण करने निर्देश दिये गये। साथ ही समस्त विभागीय अधिकारियों को चयनित ग्रामों में 100 प्रतिशत सर्वे कर दस्तावेज (आधार कार्ड, बैंक खाता, आवेदन) पूर्ण करने एवं स्थानीय बसाहट के समीप खाद्यान्न वितरण हेतु उचित मूल्य दुकान की उपशाखा खोलने तथा समीपस्थ पारा का युक्तियुक्त करण करने को कहा गया।

तत्पश्चात संचालक एवं कलेक्टर के द्वारा नियद नेल्लानार के जमीनी क्रियान्वयन का जायजा लेने हेतु ग्राम गमावाड़ा तथा बासनपुर का भी भ्रमण किया गया, जहां ग्रामीणों से चर्चा कर योजना के बारे में समझाइश देकर ग्रामीणों से फीडबैक लिया गया। इस दौरान संचालक और कलेक्टर ने उक्त ग्राम पंचायतों में ही राशन कार्ड बनाने तथा नाम जोड़ने उज्ज्वला गैस योजना के फार्म भरने, चलाए जा रहे सर्वे का स्थल परीक्षण करते हुए ग्रामीणों से स्वयं लाभ लेने के साथ ही अपने पारा, मोहल्ले के निवासियों को भी योजना में प्रचार कर लाभ दिलाने हेतु अपील किया। इस मौके पर खाद्य अधिकारी कीर्ति कौशिक, खाद्य निरीक्षक सचिन घृतलहरे तथा गैस एजेंसी संचालक एवं विक्रेता उपस्थित रहे।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल के बच्चे मेरिट में सबसे अधिक



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा लाई गई स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल से बेहतर परिणाम प्रदेश की जनता के समक्ष है और यह कांग्रेस की दुरदर्शिता का परिणाम है। जब से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल लाया गया तब से बच्चों और पालकों का रुख वृहद पैमाने पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की ओर हुआ है। पालक निजी शिक्षण संस्थानों से अपने बच्चों को निकाल कर उनका दाखिला शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूलों में कर रहे हैं। इसके अस्तित्व में आने से शिक्षा जगत में एक नई और सकारात्मक क्रांति का सूत्रपात हुआ है। निःशुल्क अंग्रेजी माध्यम की उत्कृष्ट विद्यालय का गठन होने से शहरी क्षेत्र सहित वनांचल क्षेत्र के बच्चों को निजी स्कूलों से बेहतर शिक्षा स्वामी आत्मानंद विद्यालय में मिली है। आज उसी का नतीजा है कि बारहवीं में 7 बच्चे टॉप 10 में जबकि दसवीं में 21 बच्चे टॉप 10 में आए हैं।

### ओडिशा का खेक्सी 100 रुपए किलो में बिकी

**जगदलपुर।** रविवार की दोपहर से मौसम बदलने एवं बारिश होने के चलते साप्ताहिक बाजार में खरीददार कम दिखे, जिससे सब्जी व्यापारियों का कारोबार मंदा रहा। बाजार में उड़ीसा का खेक्सी 100 रूपए किलो में बिक रहा है। बाजार में टमाटर 30, परवल 50, फूलगोभी 50, पत्तागोभी 30, शिमला मिर्च 100, हरी मिर्च 50, भिंडी 50, भट्टा 50, बरबटी 80, करेला 50, आलू 30, प्याज 30, अदरक 200, लहसून 200 रुपए किलो, लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रही है।

### नवरंगपुर प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन



**जगदलपुर।** विधायक विनायक गोयल ने ओडिशा के नवरंगपुर विधानसभा के ग्राम पंचायत गुमण्डली, राजोरा, केरला, चुरचुण्डा, कोडिंगा में लोकसभा सांसद प्रत्याशी बलभद्रो मांझी व विधानसभा प्रत्याशी गौरीशंकर मांझी के समर्थन में घर-घर जाकर मतदाताओं से वोट करने की अपिल की।

### आईजी सुंदरराज को पितृ शोक



**जगदलपुर।** बस्तर आईजी सुंदरराज पी. के पिता एसएन पट्टीलिंगम (74) का शनिवार को निधन हो गया। तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। तमिलनाडु के कोयंबतुर जिले के सरवनपट्टी के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर ग्रामवासी और पुलिस विभाग के अधिकारी एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। वे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

## ईश्वर हमारे कण-कण में, भारतीय संस्कृति में हर समस्या का समाधान

# ज्ञान को हमे अंगीकृत करने की आवश्यकता: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के शिक्षा अध्ययनशाला में अक्षय तृतीया पर सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- सामाजिक कुप्रथाओं जैसे बाल-विवाह को समाज से दूर करने के लिए छात्रों को प्रयास करने किया प्रेरित

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हर समस्या का समाधान हमारी भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता में है। भारतीय आध्यात्म का सन्देश देते हुए कहा कि भगवान हमारे कण-कण में है। ज्ञान को हमें अंगीकृत करने की आवश्यकता है। अक्षय तृतीया के अवसर पर शुभ कार्योंर् की शुरुआत समाज में होती है। अक्षय तृतीया पर ही हम बहुत से रीति-रिवाजों जैसे विवाह, नए फसल के लिए बीज बोना, नए पौधे लगाना आदि करते हैं। इस कार्यक्रम से शिक्षा को समाज से जोड़ने का प्रयास छात्रों ने किया। उन्होंने सामाजिक कुप्रथाओं जैसे बाल-विवाह को समाज से दूर करने के लिए छात्रों को प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।



कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेयी ने कहा कि हर भारतीय रीति-रिवाजों में वैज्ञानिक आधार है। भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता को संरक्षित करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इस दौरान डॉ.सोहन कुमार मिश्रा, लक्ष्मी कोटरे, डॉ.भुनेश्वर साहू, डॉ.पूर्णिमा चटर्जी, राकेश गौतम, डॉ.रेखा नागवंशी, अजय खरोले उपस्थित थे।

### धरती पर देवताओं ने 24 रूपों में अवतार लिया

विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा ने कहा कि इस दिन भगवान विष्णु के चरणों से धरती पर गंगा अवतरित हुई। धरती पर देवताओ ने 24 रूपों में अवतार लिया था। इनमें छठवां अवतार भगवान परशुराम का था। पुराणों में उनका जन्म भी अक्षय तृतीया पर बताया गया है। संचालन हरिकिशन टांडे और हीना कुमारी ने किया। आकांक्षा व साथियों ने गीत गाकर गुड्डा-गुडिया का विवाह किया। बीएड के बच्चों ने कहा कि यह हमारे पाठ्यक्रम का हिस्सा शिक्षा का समाज- शास्त्रीय परिपेक्ष्य होने के कारण हमने इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने का प्रयास किया है।

## बस्तर के भाजपा नेताओं ने ओडिशा में बनाई चुनावी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता ओडिशा में प्रचार करने गए हैं। सुधीर पाण्डेय, मनीष पारख, शैलेन्द्र भदौरिया ने कोरापुट लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र में प्रचार कर पदाधिकारी व सदस्यों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई।

लोकसभा प्रत्याशी कलिराम माझी, विधानसभा प्रत्याशी रघुराम माचा ने बस्तर के भाजपा नेताओं का कोरापुट प्रचार में आगमन पर अभिनंदन किया। लोकसभा प्रत्याशी ने लोकसभा क्षेत्र की विस्तृत जानकारी दी। विधानसभा प्रत्याशी ने बस्तर के नेताओं को चल रहे प्रचार तथा प्रमुख मुद्दे की जानकारी दी। सुधीर पाण्डेय ने कहा कि नागरिकों को डबल इंजन की सरकार से होने वाले दीर्घाकालीन लाभ की जानकारी देना है।

साथ ही जिन नागरिकों को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिला है इन लाभार्थियों से मुलाकात कर आग्रह करना हैं कि वो अन्य मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करने का कार्य करें। मनीष पारख कहा कि ये कोई आम चुनाव नहीं है, ये विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने का चुनाव हैं। हम सबको यह बताना होगा जब भारत ये संकल्प पूरा करेगा तब ओड़िशा भी विकास की नई गाथा लिख चुका रहेगा।

## मैत्री संघ 12वीं का परिणाम शतप्रतिशत

**जगदलपुर।** शैक्षणिक संस्था मैत्री संघ विद्या निकेतन में कक्षा दसवीं का परिणाम 83 एवं 12वीं का 100 प्रतिशत रहा। दसवीं में सुप्रिया बर्मन ने 82.66 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय खुशबू ठाकुर 71.83 प्रतिशत एवं रोहित सोनी 69.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं विज्ञान संकाय में प्रथम शिवानी मटलानी 80.8 प्रतिशत, द्वितीय कमल सोलंकी 74 प्रतिशत, तृतीय विधि पाल 68.2 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में प्रथम नितेश राठौर 78.6 प्रतिशत, द्वितीय संजना राय 75.8 प्रतिशत तथा शिवली शाह एवं लिसा नेताम 61.4 प्रशित प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य इंद्राणी नंदी, मैत्री संघ के अध्यक्ष दीपक घोष, सचिव हेमंत सिंह, विद्यालय सचिव अशोक रंजन मुखर्जी एवं सदस्यों ने छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भाजपा नेता कर रहे पड़ोसी राज्यों में चुनाव प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



छतीसगढ़ के पड़ोसी राज्य ओडिशा और तेलंगाना में लोकसभा चुनाव 13 मई को होने जा रहा है। वहीं चुनाव प्रचार अभियान के लिए कोंटा मंडल से भी भाजपा के नेता प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। ज्ञात हो कि सुकमा जिला तेलंगाना, ओड़िशा के सीमा से लगा हुआ है, जिसकी वजह से दोनों राज्य में चुनाव प्रचार अभियान में दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता घर-घर पहुंचकर अपनी-अपनी पार्टी के लिए मतदान की अपील कर रहे हैं। वहीं ओड़िशा प्रदेश के मलकानगिरी जिले के पशुगुड़ा मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ कोंटा मंडल के भाजपा कार्यकर्ता लोकसभा एवं मलकानगिरी विधानसभा के चुनाव प्रचार में जाकर भाजपा के नवरंगपुर लोकसभा प्रत्याशी बलभद्र मांझी और मलकानगिरी विधानसभा प्रत्याशी नरसिंह मडकामी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान कोंटा मंडल के मंडल अध्यक्ष जी. साई रेड्डी, सोयम मुक्का, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पी. विजय नायडू, भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री पूर्ण चंद नायडू, कोंटा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन सिद्दू, पी.कुमारी, गोलू, अमितेश, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अन्नपूर्णा दुबे, पार्षद रामुलम्मा, मानी, समेश समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मार्शल आर्ट समर कैंप में बच्चे सीख रहे आत्मरक्षा के गुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ शोतोकान कराटे-डू एसोसिएशन द्वारा गर्मी छुट्टियों का सदुपयोग करने के उद्देश्य से बस्तर जिला पत्रकार संघ परिसर में 6 मई से निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी उम्र वर्ग के बच्चे जूडो कराटे के टेक्निक सीख रहे है। मुख्य प्रशिक्षक सरजीत सिंह बख्शी द्वारा बच्चों को जूडो, कराटे एवं किक बॉक्सिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि मार्शल आर्ट का अभ्यास कर अपनी व आने वाली विपत्तियों का सामना कर सके। साथ ही बच्चे इसे खेल के रूप में अपनाकर भविष्य बना सकते हैं। यहां स्कूल, कालेज व ओपन खेलों में सम्मिलित हैं। विगत 30 वर्षोंर् से संस्था बस्तर संभाग में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में बच्चों को जूडो कराटे का प्रशिक्षण दे रही है। कई प्रशिक्षक आज अपनी सेवाएं विभिन्न जगहों पर दे रहे है। प्रशिक्षण के दौरान जापानी मार्शल आर्ट्स जूडो कराटे के विभिन्न तरह के प्रहार करने का तरीका व रोकने की विधि छात्र-छात्राओं को सिखाया जा रहा है।



## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कोटपाड़ विधानसभा क्षेत्र में मांगा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ओडिशा के कोटपाड़ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने विधायक प्रत्याशी रूपू भतरा के साथ घर-घर जाकर समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षोंर् में देश में विकास के नए आयाम गढ़े हैं। तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है एवं अबकी बार 400 पार होगा। विधानसभा सभा चुनाव में क्षेत्र के लोगों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान श्रीनिवास मिश्रा, आर्येन्द्र सिंह आर्य, मनोहरदत्त तिवारी, नरेंद्र पाणिग्राही, शशिभूषण रथ, अनिल लुकड़, राजेश शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, अभिषेक तिवारी, आशु आचार्य, गीता मिश्रा, संगीता समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जैपुर की गलियों में घूमकर रेखचंद ने मांगा समर्थन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ओडिशा के कोरापुट संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी सप्तगिरि शंकर उल्का एवं जैपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी ताराप्रसाद वाहिनिपति के पक्ष में पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने सहयोगियों के साथ जनता से समर्थन मांगा। जैपुर के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं में उन्होंने कांग्रेस के न्याय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा इससे किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। आज देश में लोकतंत्र खतरे में है। भाजपा ने 400 पार का नारा देकर अपनी मंशा साफ कर दी है कि वह बाबा साहेब के संविधान पर भरोसा करने की बजाय इसे बदलना चाहती है। संविधान- लोकतंत्र को बचाने प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। उनके साथ शकील रिजवी, परमजीत सिंह जसवाल, यशपाल ठाकुर, हेमू उपाध्याय ने भी जनसमर्थन मांगा।

## सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कंगोली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं के साहिल साहू 95 प्रतिशत अंक लेकर अव्वल रहे। कक्षा 10वीं में 45 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से, 14 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से एवं 1 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। दसवीं का परिणाम 96.72 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में 23 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 18 द्वितीय श्रेणी एवं 2 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 12वीं का परीक्षा परिणाम 89.06 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में प्रेरक साहू 94.4 प्रतिशत, प्रीती पटेल 93.16 प्रतिशत, रेखा निषाद 92.83 प्रतिशत, रितु नाग 92.83 प्रतिशत, हिमानी मौर्य 91.66 प्रतिशत, साहिल




मानिकपुरी 91.16 प्रतिशत, नमन पटेल 89.16 प्रतिशत, पी. तनुश्री राव 87.53 प्रतिशत, हिमानी साहू 86 प्रतिशत, हरेंद्र नायर 86 प्रतिशत, मंथन नाग 85 प्रतिशत, त्रियांशु नाग 82 प्रतिशत, पुष्पांजलि गागड़ा 83.33 प्रतिशत, ललिता कौशिक 80.16 प्रतिशत, गरीष्मा साहू 80.16 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

## सीआरपीएफ चलाएगा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस पर सीआरपीएफ 80 बटालियन पर्यावरण संरक्षण के लिए एक माह तक अभियान चलाएगा। शनिवार

- पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता लाने सायकल रैली, पैदल मार्च, डोनशन कैम्प व पौधरोपण

से इस अभियान की शुरुआत 80 बटालियन के कमांडेड जितेंद्र कुमार ने की। विश्व पर्यावरण दिवस शनिवार को देशभर में मनाया गया। भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय एवं जलवायु परिवर्तन के निर्देशानुसार 5 मई से 5 जून तक जीवन जीने की शैली (मेरी लाइफ) कार्यक्रम एक माह आम जनों के बीच पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के लिए कमाण्डेंट के नेतृत्व में 80वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को दलपत सागर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें अधिकारियों एवं जवानों द्वारा सफाई की गई। वहीं सायकल रैली-पैदल मार्च, डोनशन कैम्प, पौधरोपण जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस दौरान मकसूद आलम उप कमाण्डेंट, चिकित्सा अधिकारी डॉ पी. बैंकट विकास मौजूद रहे।




## टॉपर्स विद्यार्थियों को वरिष्ठ अधिकारियों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बोर्ड परीक्षा दसवीं और बारहवीं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त प्रतिभावान विद्यार्थियों उनके अभिभावकों प्राचार्य एवं शिक्षकों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया

- 10वीं व 12वीं के प्रतिभावान और उनके अभिवावकों का हुआ सम्मान

गया। सम्मान समारोह जिला पंचायत कार्यालय में हुआ। मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे एवं जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान के द्वारा सम्मानित किया गया। सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मानसिंह भारद्वाज, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन उपस्थित थे। कक्षा 12वीं से गुनगुन चंदेल पिता भारत सिंह चंदेल, प्राचार्य कृष्ण चंद्र गुप्ता मारीगुड़ा बकावंड प्रथम स्थान, दसवीं प्रयास एकलव्य विद्यालय से मनीष कुमार सोम ,नेल्सा गवर्ना, तोमेश कुमार साहू, आशीष कुमार शेन्डे के साथ शिक्षक परमानंद देवांगन एवं आशीष कुमार साहू उपस्थित थे। कक्षा दसवीं में तृतीय स्थान प्राप्त पृथ्वी नाग के साथ अभिभावक भुवनेश्वर नाग एवं प्राचार्य विधु शेखर झा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल उपस्थित थे। सरस्वती शिशु मंदिर जैबेल विकासखंड बकावंड से दसवीं कक्षा के अजीत देवांगन पिता मंगलनाथ देवांगन शिक्षक दीपक पांडेय प्राचार्य हेमलाल सूर्यवंशी उपस्थित थे। 12वीं जानवी राय, माता सुशीला राय एवं शिक्षक भार्गव पांडेय उपस्थित थे।







